सार-समाचार

विद्युत विभाग की स्पॉट बिलिंग शुरू

जालोर, (कासं)। जिले में जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए माह जनवरी, 2025 से स्पॉट बिलिंग व्यवस्था प्रारम्भ की गई है। अधीक्षण अभियंता पी.एस. राठौड ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत बिजली उपभोक्ताओं को जनवरी माह से ऑन स्पॉट मासिक रूप से बिल मिलने प्रारम्भ हो गये है । डिस्कॉम के कार्मिकों द्वारा ही उपभोक्ता के मीटर से रीडिंग लेकर हाथो-हाथ डिवाईस से बिल बनाये जा रहे है । उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा ऑन स्पॉट बिलिंग व्यवस्था लागू होने पर प्रत्येक ग्राम में बिजली के बिलों के भुगतान की तिथियां अलग अलग होगी। ऐसे में बिजली के बिल जमा करने के लिए विभाग के कार्मिक गांवों में कैम्प नहीं लगा पायेंगे। इसलिए बिजली उपभोक्ता अपने बिजली के बिल की राषि सम्बन्धित क्षेत्र के सहायक अभियंता कार्यालय में जाकर या अपने नजदीकी ई-मित्र पर जाकर अथवा अपने मोबाईल पर ''बिजली मित्र'' एप डाउनलोड कर अपने बिजली बिल की राशि ऑनलाईन जमा कर सकते है । स्पॉट बिलिंग की व्यवस्था इसलिए लागू की गई है ताकि जहां मीटर लगा हुआ है, रीडर वहां जाकर रीडिंग ले। अभी तक यह षिकायत रहती थी कि रीडिंग लेने कोई आया ही नहीं और बिल भेज दिया गया। भविश्य में यदि कोई कहेगा कि रीडिंग लेने वाला नहीं आया तो यह सबूत रीडिंग लेने की पुश्टि करेगा। यानि यह व्यवस्था लागू होने के बाद कम-ज्यादा रीडिंग की समस्या का मौके पर ही निस्तारण हो जायेगा ।

महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

जोधपुर, (कासं) । राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्य तिथी पर गुरुवार को कचहरी परिसर स्थित पार्क में शहीदों की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रम हुए और भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह द्वारा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की स्मृति में उनके प्रिय भजनों का गान किया गया तथा दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ. सिंह ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को उनकी 77 वीं पुण्यतिथि के अवसर याद करते हुए जोधपुर वासियों से आ ान किया कि आज के परिप्रेक्ष्य में हम सभी को गांधी के जीवन आदर्शों एवं सिद्धांतों को से प्रेरणा लेते हुए पारस्परिक प्रेम,सौहार्द,भाईचारे एवं अहिंसा को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने गांधी के जीवन आदर्शों और सिद्धांतों को आज भी प्रासंगिक बताया। इस अवसर अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर (प्रथम) जवाहर चौधरी, अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर (द्वितीय) सुरेंद्र सिंह पुरोहित सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सम्मेलन कोल्हापुर में 2 को

जालोर, (कासं)। अखिल भारतीय प्रारंभिक शिक्षक महासंघ का सातवां राष्ट्रीय सम्मेलन कोल्हापुर महाराष्ट्र में एक एवं दो फरवरी को आयोजित होगा, जिसमें राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के दो पदाधिकारी भागीदारी करेंगे। संगठन के मुख्य महामंत्री पूनम चंद बिश्नोई के अनुसार ए आई एफईटीओ की सातवीं नेशनल कांफ्रेंस में भारत के सभी राज्यों के एफिलेटेड शिक्षक संगठनों के डेलिगेट्स भाग लेंगे, कॉन्फ्रेंस में जनरल सैक्रेटरी की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जिस पर राज्य के प्रतिनिधियों द्वारा चर्चा कर आगामी कार्यक्रम निर्धारित किए जाएंगे। कॉन्फ्रेंस में खुला अधिवेशन होगा जिसमें विभिन्न प्रांतो के पदाधिकारीयो द्वारा शैक्षिक सहसैक्षिक, नई शिक्षा नीति पेंशन नीति शिक्षकों की ज्वलंत समस्याएं, शिक्षार्थीयो से संबंधित समस्याएं सार्वजनिक क्षेत्र में शिक्षा के निजीकरण एवं व्यवसायीकरण से पडने वाले नकारात्मक प्रभावो पर अपने विचार प्रकट करेंगे। राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय पदाधिकारीयो का निर्वाचन संपन्न होगा, राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जो ऑल इंडिया ऑफ एलीमेंट्री टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन का घटक संगठन है उसके दो पदाधिकारी महादेवाराम देवासी एवं पूनम चंद बिश्नोई कॉन्फ्रेंस में भागीदारी करने के लिए जालोर से रवाना हुए।

खाद्य योजना में आधार सीडिंग जरूरी

बालोतरा, (निसं)। प्रमुख शासन सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्टीय खाद्य सुरक्षा योजना में नवीन आवेदन करने से पूर्व राशनकार्ड में सभी सदस्यों की आधार सीडिंग अनिवार्य है। जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया ने बताया कि राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2023 में प्राथमिक परिवारों के चयन व निष्कासन हेतु तथा खाद्य सुरक्षा योजना में खाद्यान्न से प्रतिमाह लाभान्वित करने हेतु तैयार प्राथमिक सूची के पात्र वंचित व्यक्तियों, परिवारों को जोडने व प्राथमिक सूची में शामिल अपात्र परिवारों को हटाने हेतु प्रावधान किया गया है। विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोडने के लिए नवीन आवेदन प्राप्त करने के संबंध में 26 जनवरी से पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता द्वारा नवीन आवेदन करने पर राशनकार्ड में सभी सदस्यों की आधार सीडिंग करने के पश्चात ही खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुडवाने हेतु आवेदन ऑनलाईन अथवा ई-मित्र के माध्यम से किया जा सकेगा। उन्होने कहा कि जिले के पात्र उपभोक्ताओं को आधार सीडिंग के लिए जिला मुख्यालय पर स्थित जिला रसद कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।

कांग्रेसजन गांधी मूर्ति सर्किल पहुंचे

पाली, (नि.सं.)। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पाली जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गांधी मुर्ति सर्किल पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात शहीद दिवस के रूप में कांग्रेस भवन में गांधी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव रफीक चौहान ने बताया कि इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीज दर्द, पीसीसी सचिव शोभा सोलंकी, प्रवीण कोठारी, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा, ब्लॉक संगठन महामंत्री भंवर राव, पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सांखला, मंडल अध्यक्ष चेलाराम रारबडा, राजेन्द्र मेघवाल, अशोक गौड़, एम एम बोड़ा, शहाबुद्दीन बागवान, ताराचंद टांक, जिला महासचिव रफीक चौहान, ओबीसी जिला अध्यक्ष गोविंद बंजारा, दिनेश दवे, माणक गर्ग, आमीन अली रंगरेज, असगर कूरैशी, रमेश चावला, लक्ष्मण कच्छवाहा, राजू शर्मा, धनराज आर्य, राहुल घावरी, अनवर खां सिपाही सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता की शपथ

पाली,(नि.सं.)। चिकित्सा विभाग की ओर से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत कुष्ठ दिवस पर 30 जनवरी गुरुवार को पाली शहर सहित जिलेभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि चिकित्सा विभाग की ओर से 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ दिवस पर 30 जनवरी गुरुवार को इस अभियान का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में स्वास्थ्य भवन सहित जिले के चिकित्सा संस्थानों में जिला कलेक्टर के नाम कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के लिए संदेश का वाचन कर कुष्ठ प्रभावित रोगियों से भेदभाव दूर करने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत विभाग की ओर से कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मां आशापुरा के दरबार में ध्वजारोहण

पोकरण, (कासं)। गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन ध्वजारोहण कर मां आशापुरा के दरबार में 25वां पाटोत्सन कार्यक्रम के तहत पांचवें दिन गुरुवार सुबह फलोदी के भागीरथ पुरोहित व अन्य पंडितों द्वारा शक्ति भक्ति पाठ एक स्वर में किए गये। मां की आराधना के साथ शक्ति वभक्ति के भावसे मां की स्तुति की गई। दुर्गा सप्तशती पाठ क्रमवार वेद पाठियों द्वारा यजुर्वेद के मंत्रोच्चार के साथ किए गए। आशापुरा मां के दरबार में पांचवें दिन आचार्य पंडित गिरिराज पुरोहित सह आचार्य जितेंद्र दाधिच, यजमान राजेंद्र कुमार बिस्सा ने हवन में आहुति दी। सुबह से ही पोकरण, फलोदी, जैसलमेर बीकानेर, जोधपुर, रामदेवरा सहित आस पडोस के गांवों से मां के भक्तों का तांता लगा रहा।

सरकारी स्कूल की लैब से सामान चोरी

जोधपुर, (कासं) । शहर के निकटवर्ती चौखा में आई एक सरकारी स्कूल की लैब से अज्ञात चोर रात में कंप्यूटर सामान चोरी कर ले गए। कार्यवाहक प्रधानाचार्य की तरफ से राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने बताया कि मूलत : बागावास बालोतरा हाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौखा के कार्यवाहक प्रधानाचार्य नारायण राम की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि 28 जनवरी की रात को अज्ञात चोर स्कूल में प्रवेश कर वहां से आईटीसी लैब से कंप्यूटर सामान माउस, की- बोर्ड, हार्ड डिस्क आदि चोरी कर ले गए। पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

वाट्सएप पर आए मैसेज के बाद ठगों के जाल में फंसा युवक

जोधपुर, (कासं)। शहर के रामेश्वर नगर में रहने वाले मेडिकल लाइन से जुड़े एक युवक से शातिरों ने ठगी करते हुए 2.93 लाख रूपए ऐंठ लिए। धोखाधड़ी के शिकार युवक ने पहले सायबर पोर्टल पर शिकायत दी, मगर बाद में पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। पुलिस आयुक्तालय परिवाद भेजने पर भी केस दर्ज नहीं हुआ। अब पीड़ित ने कोर्ट की शरण लेकर मामला दर्ज करवाया है। भगत की कोठी थाना पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। मामला वर्ष 2023 का है।

मामले के अनुसार मूलत: पिंडवाडा के नादिया आरासना हाल डी-रामेश्वर नगर निवासी भरत प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। उसके पास में 15 सितंबर 2023 को वाट्सएप पर एक मैसेज आया और उसमें क्लिक किए जाने पर 150 रूपए मिलना बताया।

तब उसके द्वारा मैसेज लिंक को क्लिक किए जाने पर पैसे मिले। बाद में यह रकम बढ़ती गई और उसे 1400 रूपए मिले। इसके बाद लिंक भेजने वालों ने उसे टेलीग्राम ऐप के एक ग्रुप से जोड़ा और अलग- अलग टॉस्क दिए जिसमें 2000 रूपए इंवेस्ट करने पर 2800 रूपए प्राप्त हुए। बाद में शातिर टास्क बढ़ाते गए और फिर अंत में 3.92 लाख को हासिल करने के लिए 78 हजार रूपए डालने का कहा गया। अन्यथा रकम को नहीं भेजने को बोला। पीड़ित ने अंतिम बार में 21 सितंबर 2023 को रूपए भेजे मगर उसके द्वारा जमा कराए गए 2 लाख 93 हजार 500 रूपए डूब गए। पीड़ित ने इस बारे में सायबर पोर्टल से लेकर पुलिस तक 16 माह चक्कर काटे, मगर केस दर्ज नहीं किया गया। अब उसने कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से भगत की कोठी थाने में रिपोर्ट दी है।

बाड़े में जुआ, युवक पुलिस को देख भाग

जोधपुर, (कासं)। महामंदिर पुलिस ने रामदेव नगर स्थित निजी बैंक के पीछे एक बाड़े में अनैतिक गतिविधियां चलने की सूचना पर रेड दी। पुलिस को आता देख तीन-चार लोग दीवार फांदकर भाग निकले। मौका स्थल पर तीन बाइक, फोटो स्केनर, चकरी, लाखों का हिसाब-किताब लिखी डायरियां इत्यादि मिले, जो व्यक्ति यह कारोबार चला रहा था वह भी भाग गया। उसे नामजद किया गया है और अब तलाश की जा रही है।

महामंदिर थाने के एसआई गोविंदसिंह ने बताया कि थानाधिकारी देवेंद्र सिंह देवड़ा को मुखबिरी सूचना मिली कि रामदेव नगर स्थित एचडीएफसी बैंक के पीछे एक बाड़े में अनैतिक गतिविधियां चल रही है। इस पर पुलिस की टीम एसीपी पूर्व हेमंत कलाल, थानाधिकारी देवेंद्र सिंह देवड़ा, एसआई गोविंदसिंह मय जाब्ते के वहां पर पहुंची। तब पुलिस को आता देखकर बाड़े की दीवार फांद कर तीन-चार लोग वहां से भाग गए।

एसआई गोविंद सिंह के अनुसार पुलिस ने बाड़े में दबिश दी और वहां पर जुएं का अड्डा चलने का पता लगा। पुलिस ने मौका स्थल से चकरी, ताश के बिखरे पत्ते, फोटो स्केनर, लाखों का हिसाब-किताब लिखीं डायरियां आदि सामग्री को जब्त किया। इस दौरान बाड़े में तीन बाइक भी खड़ी थी जिसे पुलिस ने यातायात नियमों में सीज किया।

दीवार फांद कर भागने वालों में एक की पहचान रामदेव कॉलोनी महामंदिर निवासी विक्की नागौरा पुत्र बद्रीलाल कलाल के रूप में हुई है। उसकी तलाश की जा रही है।

चोरी की सात बाइक बरामद, आरोपी पकड़ा

जोधपुर, (कासं) । चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की 7 बाइक बरामद की गई है। मामले में जोधपुर की चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज ने बताया- 24 नवंबर को रघुवीर पुत्र भागीरथ निवासी नारवा कला खींवसर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि 23 नवंबर को उनकी बाइक अशोक उद्यान के बाहर खड़ी की थी। अशोक उद्यान में घूम कर वापस बाहर लौटे तो बाइक गायब मिली। इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। टीम ने थाना अधिकारी ईश्वरचंद पारीक के नेतृत्व में आस-पास की जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले की पहचान कर ली।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल रानी खुर्द, जिला- पाली, राज.
टेलि नं. - (02934) 222084 ई-मेल - eombrani@gmail.com

क्रमांक/न.पा.रा./भू.उ.प.शाखा/2024-25/6541 दिनांक 28.01.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय में निम्नांकित द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें निम्नांकित स्थल के मास्टर प्लान अनुरूप भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहता है। अतः इस संबंधित किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में आपत्ति मय साक्ष्य/प्रमाण आदि नगर पालिका कार्यालय समय में दर्ज करवायी जा सकती है। इसके उपरान्त किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और निम्नांकित आवेदन में अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगीं।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित स्थल का नाम	क्षैत्रफल	वर्तमान भू-उपयोग	प्रस्तावित/चाहा गया भू-उपयोग
1.	श्री जहीर मोहम्मद, श्री हमीद मोहम्मद उर्फ मोहम्मद हमीद, श्री वहीद मोहम्मद उर्फ अब्दुल वहीद व श्री रसीद मोहम्मद पुत्रगण श्री नवाब मोहम्मद जी, जातिगण मुसलमान	प्रताप बाजार, रानी	32'X70' व 10'.6" X 70' = 2975 वर्गफीट	आवासीय	वाणिज्यक

राज.संवाद/सी/24/11026 अधिशाषी अधिकारी

माणक अलंकरण प्राप्त पत्रकारों का स्वागत

जोधपुर, (कासं) । माणक अलंकरण सम्मान से सम्मानित जोधपुर के मीडियाकर्मियों का जोधपुर लौटने पर जोधपुर प्रेस क्लब की तरफ से एक कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत-अभिनंदन किया गया। जोधपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय अस्थाना ने बताया कि जयपुर में हुए एक कार्यक्रम में जोधपुर के मीडियाकर्मी रामजी व्यास, महावीर प्रसाद शर्मा, अरूण हर्ष व करण पुरी को माणक

अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया था। जोधपुर के चार मीडियाकर्मियों को एक साथ अवार्ड मिलना शहर के लिए गर्व व गौरव की बात है। इस उपलक्ष में सम्मान पाकर जोधपुर लौटने पर उनका गांधी मैदान स्थित जोधपुर प्रेस क्लब के कार्यालय में साथी पत्रकारों की तरफ से स्वागत किया गया। उनका माल्यार्पण कर व साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान शहर के कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में जार के प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक, जोधपुर जिलाध्यक्ष सैयद मुनव्वर अली व महासचिव मिश्रीलाल पंवार ने भी शिरकत की और सम्मानित पत्रकारों का अभिनंदन किया।

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

जालोर, (कासं)। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर जालोर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी सर्किल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला प्रमुख राजेश कुमार सहित अतिथियों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात बापू के प्रिय भजनों की प्रस्तुति के बाद शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।

जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार को आयोजित शहीद दिवस पर प्रात: 10.30 बजे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय जालोर के छात्र-छात्राओं ने रामधुन ''रघुपति राघव राजा राम,...'' के भजन की प्रस्तुति दी। केन्द्रीय विद्यालय के बालक ने हारमोनियम वाद्य यंत्र बजाने के साथ मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत व राबाउमावि प्रताप चौक जालोर व महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय शिवाजी नगर की बालिकाओं ने गांधीजी का प्रिय भजन ''वैष्णव जन तो तेने कहिये ...'' की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक भेराराम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भगवानाराम चौधरी सहित बालक व बालिकाएँ तथा कलेक्ट्रेट परिसर मेंअधिकारी एवं कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

पाली संवाददाता के अनुसार : महात्मा गांधी की पुण्यतिथि व शहीद दिवस पर आज गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कलक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट एवं अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा। कलेक्ट्रेट परिसर में रामधुन का गायन किया। गांधी मूर्ति सर्किल पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर बजरंगसिंह ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.02.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बाडमेर, बालोतरा राजस्थान, 135580700015339, 5347, 5351, 135580730018476, 135580750000044, 0046, बाडमेर, 138040730028168, 8251, 8252, 8253, पालिका बाज़ार नया बस स्टैंड बालोतरा, 138060700004310, 4358, 138060730005138, जोधपुर, आकलीया सर्कल जोधपुर, 114110700045485, 6034, 6051, 6108, 6115, 6128, 6155, 6165, 6221, 6228, 6236, 6242, 114110730032396, महा मंदिर सर्कल, 123010700037562, 7588, 7596, 7598, 7600, 7602, 7617, 7640, 7653, 7657, 7663, 123010730043120, फलौदी शाखा राजस्थान, 135610700015302, 5677, 5711, 5850, 5851, 5870, 5919, 5933, 135610730012186, 2706, 2771, सरस्वती नगर जोधपुर, 124320700036031, 6095, 6129, 6276, 6374, 6386, 6398, 6406, 6414, 6437, 6446, 124320730031158, 1241, 1314, 1347, 1435, 124320750000074, पाली, मानड्या रोड, 115370700022177, 2297, 2544, 2546, 2548, 2572, 115370730024817, सुमेरपुर, 135550730021713, 2375, 2399, 135550750000174, 0178, 0218, सूरजपोल पाली, 115410700027703, 7837, 7861, 7879, 7889, 7892, 7905, 7918, 115410730022683, 2758, 115410750000216, 0228, 0249, सिरोही, आबू रोड, 138340700001539, गौशाला रोड शिवगंज, 137980700003707, 3736, 3743, 137980730008784, 137980750000118, 0127, 0130, सिरोही राजस्थान, 119970700020862, 0912, 1024, 1036, 119970730037574, 119970750000116,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

राज्यपाल माथुर पाली पहुंचे

पाली, (नि.सं.)। राज्यपाल सिक्किम ओम प्रकाश माथुर आज गुरूवार को पाली के अल्प प्रवास दौरे पर रहे वे आज पाली पहुंचे और पाली के पूर्व सांसद पुष्प जैन के घर पहुंचे और उनसे मुलाकात की। जनप्रतिनिधियों व जिला कलक्टर एल एन मंत्री व जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने अगवानी और स्वागत किया। राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

राज्यपाल माथुर पूर्व सांसद जैन के निवास पर कुछ देर रूके और जैन और जिला कलक्टर एलएन मंत्री और पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, उपखंड अधिकारी से चर्चा की। वे फालना के लिए प्रस्थान कर गये।

पोकरण में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखी, जुलूस निकालकर रोष जताया

पोकरण, (कासं)। पोकरण व्यापार मंडल के आव्हान पर गुरुवार को व्यवसाईयों ने दुकान बंद रखकर गांधी चौक से जुलूस निकाल कर उपखंड कार्यालय पहुंचे। उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर व्यवसाईयों की सुरक्षा की मांग करते हुए बुधवार की घटना में दुकानदार पर हुए हमले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग रखी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को फलसुंड रोड स्थित मुरली टी कंपनीचाय पत्ती बेचने की दुकान पर चाय की पती के पैकेट को लेकर के दुकानदार एवं ग्राहक के बीच आपसी विवाद में 5 लोग घायल हो गए। पुलिस से मेरी जानकारी के अनुसार मुरली टी कंपनी की दुकान पर दुकान मालिक और ग्राहक के बीच आपसी कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में झगडा हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्ष आपस में बुरी तरह उलझ गए और मारपीट करने लगे। इस झगडे में दोनों पक्ष के लोग घायल हो गए । मारपीट में तीन दुकानदार मालिक और दो ग्राहक घायल हो गए। घायलों को निजी वाहन से पोकरण जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलदो दुकानदारों मलिक व ग्राहकको जोधपुर रेफर किया। दुकानदार मुरली राठी, सुनील राठी और अक्षय का पोकरण अस्पताल में उपचार जारी है । जानकारी के अनुसार ग्राहक मोहम्मद शरीफ मुरली की कंपनी से चाय पत्ती लेकर गया था, जिसमें कुछ खराबी आने किबातके कारण उसने दुकान पहुंचकर दुकान मालिक से दूसरी देने की बात कही। दूसरी चाय पत्ती को लेकर दोनों में विवाद हो गया और पुलिस घटनाकीसूचना मिलने पर पोकरण थानाधिकारी छतर सिंह मय जाब्ता केमौके पर पहुंचे घायलों के बयान लेकर मामले की जांच शुरू की। वहीं पोकरण डिप्टी भवानीसिंह भी घटनास्थल पहुंचे और दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। मुरलेटी कंपनी के मालिक नेपुलिस मुकदमा दर्ज कराय, पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी अलादीन पुत्र इस्माइल खान ,रजक पुत्र इस्माइल खान ,बरकत पुत्र मंगल खा निवासी नाथूसर बडलीको गिरफ्तार कर पेश किया गया। जिन्हें न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश दिए गए।

जागरूकता के लिए साइबर सुरक्षा पर चर्चा

जोधपुर, (कासं) । आधुनिक युग में डिजिटल दुनिया में बढ़ते साइबर खतरों और डेटा सुरक्षा की आवश्यकता को आमजन एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोधपुर में '' साइबर सुरक्षा'' विषय पर सेमिनार का आयोजन डॉ आलोक त्रिपाठी (सेवानिवृत्त आईपीएस), कुलपति, सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय, जोधपुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस सेमिनार का उद्देश्य समाज में साइबर सुरक्षा और डिजिटल अपराधों के प्रति जागरूकता बढाना और उभरती तकनीकों के खतरों को समझाना था।

सेमिनार के आरम्भ में कुलसचिव अयूब खांन ने मां सरस्वती पूजन किया। सेमिनार में डॉ अर्जुन चौधरी, सहायक प्रोफेसर, साइबर सुरक्षा, सरदार पटेल पुलिस यूनिवर्सिटी, जोधपुर द्वारा साइबर सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों और डिजिटल खतरों से बचाव के उपायों पर चर्चा की। डॉ. मीनाक्षी पुनिया, सहायक प्रोफेसर, (विधि) सरदार पटेल पुलिस यूनिवर्सिटी, जोधपुर द्वारा अपराधों से संबंधित कानूनों और उनके प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दी गई। नवनीत जैन, डिप्टी डायरेक्टर, डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज द्वारा साइबर सुरक्षा की चुनौतियों और उनके समाधान पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तकनीक फर्जी सूचनाओं और धोखाधड़ी को बढ़ावा दे सकती है।

समापन में डॉ. महेंद्र कुमार असेरी, कुलपति, मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय ने संबोधित करते कहा कि डिजिटल युग में व्यक्तिगत और व्यावसायिक जानकारी की सुरक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक त्रिपाठी द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए साइबर सुरक्षा में शोध और तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने का आहवान किया।

तेजी से आगे बढ़ाएं अपने
मार्केट
के
रिटर्न को
एलआईसी
इंडेक्स
प्लस
UIN: 512L354V01 | Plan No.: 873
ऑनलाइन भी उपलब्ध
मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ
एक नॉन - पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
दो फ़ंड्स में से चुनिए - निफ्टी 50 (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या निफ्टी 100 (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
गारंटीड एडीशन्स के साथ*
* नियम व शर्तें लागू
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/22/Hin
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
हमें यहाँ फॉलो करें LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
धोखेधड़ी वाले फोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निग